फर्द अहकाम
कार्यालय जिला कलक्टर राजसमन्द, जिला राजसमन्द

श्री जयवंत पिता नरेन्द्र कुमार भेरविया निवासी 29, महावीर नगर, न्यू भूपालपुरा, उदयपुर जिला उदयपुर

– अपीलांट

बनाम

लोक सूचना अधिकारी, उपखण्ड अधिकारी, राजसमन्द

– रेस्पोण्डेंट

किस्म मुकदमा– अंपील सूचना का अधिकार **पत्रावली संख्या 05/2019**

कमांक	कार्यवाहिक विवरण	हस्ताक्षर पार्टी तथा सूचनाएं जारी की ग
	दिनांक 28.02.2019 पत्रावली पेश हुई। अपीलार्थी अनुपस्थित। अपीलार्थी द्वारा सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 अन्तर्गत वांछित सूचना लोक सूचना अधिकारी, उपखण्ड अधिकारी, राजसमन्द से प्राप्त नही होने से इस कार्यालय में सूचना प्राप्ति हेतु प्रेषित प्रथम अपील को दर्ज रजिस्टर किया जाकर लोक सूचना अधिकारी, उपखण्ड अधिकारी, राजसमन्द जिला राजसमन्द को वांछित सूचना अपीलार्थी को उपलब्ध कराते हुए रिपोर्ट इस न्यायालय में भिजवाने हेतु निर्देशित किया गया। लोक सूचना अधिकारी, उपखण्ड अधिकारी, राजसमन्द द्वारा जरिये पत्रांक सू0अ0/2019/868 दिनांक 11.02.2019 से प्राप्त रिपोर्टानुसार प्रार्थी के आवेदन पर बिन्दुवार चाही गयी सूचना के संबंध मे बिन्दु संख्या ए, बी, सी, डी की वांछित सूचना इस कार्यालय के जरिये पत्रांक 797 दिनांक 23.01.2019 व इसके पूर्व पत्रांक सम/600 दिनांक 16.10.2018 के द्वारा वांछित सूचना अपीलार्थी को जरिये डाक प्रेषित की जा चुकी है। लोक सूचना अधिकारी, उपखण्ड अधिकारी, राजसमन्द की रिपोर्ट का अवलोकन किया गया। उपखण्ड अधिकारी, राजसमन्द द्वारा प्रार्थी/अपीलार्थी को जरिये डाक से वांछित सूचना भिजवाये जाने से उक्त अपील इसी स्टेज पर निर्णित की जाती है। निर्णय की प्रति अपीलार्थी एवं लोक सूचना अधिकारी, उपखण्ड अधिकारी, राजसमन्द को भिजवायी जावे। पत्रावली फैसल शुमार होकर दर्ज रजिस्टर नं0 से कम की जाकर दाखिल दफ्तर हो। **लोक सूचना अपीलीय अधिकारी** (जिला कलक्टर)राजसमन्द	

न्यायालय जिला कलक्टर राजसमन्द (राज.)